पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय सीतापुर (प्रथम पाली)
प्रथम इकाई परीक्षा- 2024 -25

समय - 90 मिनट **कक्षा-ग्यारहवीं** **विषय- हिन्दी**
पूर्णांक – 40

प्र.1)– निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए - 5 x 1

मेरो तो गिरिधर गोपाल, दूसरौं न कोई
जा के सिर मोर-मुकुट, मेरो पति सोई
छाँड़ि दयी कुल की कानि, कहा करिहैं कोई?
संतन के ढिग बैठि-बेठि, लोक-लाज खोयी
असुवन जल सींचि-सींचि, प्रेम-बलि बोयी

क. इस काव्यांश में मीराबाई किसके प्रति अपना समर्पण भाव प्रस्तुत कर रही हैं ?
1 भगवान शिव 2 राजकुमार भोजराज 3भगवान कृष्ण 4 सन्त रैदास

ख. **मेरो तो गिरिधर गोपाल, पंक्ति में कौन सा अलंकार है** ?
1 रूपक 2 अनुप्रास 3 उपमा 4 यमक

ग. उपर्युक्त काव्यांश की भाषा का नाम बताइए ?
1 राजस्थानी 2 राजस्थानी मिश्रित ब्रजभाषा 3 अवधी 4 भोजपुरी

घ. **कथन :**मीराबाई भगवान श्रीकृष्ण को अपना ईश्वर मानती थीं |
कारण :मीराबाई सन्त कबीर की शिष्या थीं |
1 कथन और कारन दोनों गलत है
2 केवल कथन सही है
3 केवल कारण ही सही है
4 कथन और कारण दोनों मैं कोई समानता नहीं है

च. काव्यांश के पाठ व कवि का नाम बताइए ?
1 पद-मीरा बाई 2 पद – कबीर दास 3 कवित्त - नरोत्तमदास 4 साखी – सूरदास

प्र.2) अधोलिखित गद्यांश को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए- 5 x 1

पंडित अलोपीदीन ने हँसकर कहा-हम सरकारी हुक्म को नहीं जानते और न सरकार को। हमारे सरकार तो आप ही हैं। हमारा और आपका तो घर का मामला है, हम कभी आपसे बाहर हो सकते हैं? आपने व्यर्थ का कष्ट उठाया। यह हो नहीं सकता कि इधर से जाएँ और इस घाट के देवता को भेंट न चढ़ावें। मैं तो आपकी सेवा में स्वयं ही आ रहा था। वंशीधर पर ऐश्वर्य की मोहिनी वंशी का कुछ प्रभाव न पड़ा। ईमानदारी की नयी उमंग थी। कड़ककर बोले-हम उन नमकहरामों में नहीं हैं जो कौड़ियों पर अपना ईमान बेचते फिरते हैं। आप इस समय हिरासत में हैं। आपका कायदे के अनुसार चालान होगा। बस, मुझे अधिक बातों की फुरसत नहीं है। जमादार बदलू सिंह! तुम इन्हें हिरासत में ले चलो, मैं हुक्म देता हूँ।

क उपर्युक्त गद्यांश के पाठ तथा लेखक का नाम बताओ |

1 नमक का दरोगा - प्रेमचन्द 2 ममता-जयशंकर प्रसाद
3 हार की जीत- सुदर्शन 4 मक्रील – यशपाल

ख- **कथन :**पंडित अलोपीदीन ने वंशीधर को रिश्वत देने की पेशकश की |
कारण :पंडित अलोपीदीन मानते थे की रिश्वत देने से सभी काम सफल हो जाते हैं |

1 कथन और कारन दोनों गलत है 2 केवल कथन सही है
3 केवल कारण ही सही है 4 कथन और कारण दोनों सही है

ग- **रिक्त स्थान भरें -**
वंशीधर पर ऐश्वर्य की .... का कुछ प्रभाव न पड़ा|

घ- प्रस्तुत गद्यांश में आपको वंशीधर की कौन सी खूबी दिखती है ?
1 स्वाभिमानी 2 कर्तव्यपरायणता 3 सत्यनिष्ठा 4 इनमें से सभी

ड.- उपर्युक्त गद्यांश साहित्य की कौन सी विधा है ?
1 कहानी 2 नाटक 3 उपन्यास 4 संस्मरण

प्र.4) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में दीजिए -
4 x2 =8

1- कहानी ''नमक का दारोगा'' का कौन सा पात्र आपको सर्वाधिक प्रभावित करता है और क्यों ?
2. भगवान श्रीकृष्ण के प्रति मीरा के प्रेम को अप किस प्रकार समझते हैं ?
ग- मियाँ नसीरुद्दीन का पत्रकारों के प्रति कैसा रवैया था, क्या वह सही है ?
घ- कबीर ने ईश्वर को प्रमाणित करने के लिए क्या तर्क दिए हैं ?

प्र.5)– निम्नलिखित अप्रत्याशित विषयों में से किसी एक विषय पर 100 शब्दों का लेख लिखिए - 5

1. मेरी पहली विदेश यात्रा
2. सावन मन भावन
3. वृक्षारोपण का महत्त्व

प्र० 6)- अपनी पाठ्यपुस्तक के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए 5

क जनसंचार के श्रव्य माध्यम क्या होते हैं ?
ख संचार की परिभाषा बताइए |
ग पत्रकारिता के सिद्धांत लिखिए |
घ पेज 3 पत्रकारिता क्या होती है ?
च डायरी लेखन की परिभाषा बताइए |

प्रश्न 7 पढ़े गये पाठों के आधार पर सही मिलान करिए 2

श्रव्य साधन धन
अलोपीदीन पत्रकारिता

मीराबाई माधुर्य भक्ति

निष्पक्षता लाउडस्पीकर

प्र॰ 8) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर सही/ गलत में दीजिए 5

क मीराबाई ईश्वर के निराकार स्वरुप की आराधना करती थीं |

ख कबीर ने दो ईश्वरों की सत्ता को स्वीकार किया है |

ग मियाँ नसरुद्दीन के पिता और दादा बादशाहों के यहाँ बावर्ची का काम करते थे |

घ पण्डित अलोपिदीन ने वंशीधर के पिता को अपनी संपत्ति का मैनेजर नियुक्त किया था |

च नमक का दारोगा कहानी में धन पर धर्म की विजय दिखाई गयी है |

प्र.9) आप एक क्रिकेट ख़िलाड़ी या राजनेता हो, अपनी डायरी कैसे लिखिए | **5**